# NCERT SOLUTIONS

## CLASS - 7th



aglasem.com

Class : 7th

Subject : हिन्दी

Chapter : 14

Chapter Name : पानी और धूप

Q1. सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करो
कहाँ से, किसने, क्यों, क्या, किसके, किसको

(क) सूरज ने …………….. बंद कर दिया अपने घर का दरवाज़ा।

(ख) बादल है …………….. काका।

(ग) बरसने लगा …………….. यह पानी।

(घ) …………… फोड़ घड़े बादल के की है इतनी शैतानी।

(ङ) ……………डाँट रहे हैं ……………. कहना नहीं सुना माँ का।

Answer:
(क) सूरज ने क्यों बंद कर दिया अपने घर का दरवाज़ा।

(ख) बादल है किसके काका।

(ग) बरसने लगा क्यों यह पानी।

(घ) किसने फोड़ घड़े बादल के की है इतनी शैतानी।

(ङ) किसको डाँट रहे हैं किसने कहना नहीं सुना माँ का।

Page : 81, Block Name : सही शब्द चुनकर वाक्य पूरा करो

Q2. इन पंक्तियों में बारिश के बारे में क्या पता चलता है

(क) सूरज ने अपने घर का दरवाज़ा बंद कर लिया।

aglasem.com

(ख) काका किसी को ज़ोर-ज़ोर से डाँट रहे हैं।
(ग) आँगन में तलवार चल रही है।

Answer:
(क) लगता है कि बादलों के कारण सूरज छिप गया है।

(ख) ऐसा लगता है कि बादलों के बीच गर्जन हो रहा है।

(ग) यों ऐसा लगता है मानो बिजली चमकने से आकाश में चिंगारी जल उठी है।

Page : 81, Block Name : इन पंक्तियों में बारिश के बारे में क्या पता चलता है

Q3. कविता में ढूंढो
(क) किन पंक्तियों से पता चलता है कि कविता में माँ-बेटी या माँ-बेटे के बीच बातचीत हो रही है?

(ख) यह कविता आज़ादी मिलने से पहले के समय में लिखी गई थी। उस समय हमारे देश पर अंग्रेज़ों का राज था। किन पंक्तियों से पता चलता है कि लड़का/लड़की के काका स्वतंत्रता सेनानी थे?

aglasem.com

Answer:
(क)
अगर चाहती हो माँ काका

जाएँ अब न जेलखाना

तो फिर बिजली के घर मुझको

तुम जल्दी से पहुँचाना।

काका जेल न जाएँगे अब

तुझे मँगा दूँगी तलवार

पर बिजली के घर जाने का

अब मत करना कभी विचार।

(ख)
पुलिसमैन अपने काका को

फिर न पकड़ने आएँगे

देखेंगे तलवार दूर से ही

वे सब डर जाएँगे।
Page : 82, Block Name : कविता में ढूंढो

Q4.रिक्त स्थान भरो

न, मत और नहीं का इस्तेमाल किसी काम के मनाही के लिए किया गया है। तुम नीचे लिखे वाक्यों में 'न', 'मत', 'मना' और 'नहीं' भरो।

(क) तुम वहाँ ……………जाओ।

(ख) परीक्षा में …………… जो रामू फेल हुआ …………… ही असलम।

(ग) मुझे इस प्रश्न का उत्तर …………… पता।

(घ) माँ ने मुझे छत पर जाने से ……………… किया है।

aglasem.com

Answer:
(क) तुम वहाँ मत जाओ।

(ख) परीक्षा में न जो रामू फेल हुआ न ही असलम।

(ग) मुझे इस प्रश्न का उत्तर नहीं पता।

(घ) माँ ने मुझे छत पर जाने से मना किया है।

Page : 82, Block Name : रिक्त स्थान भरो

Q5.कविता के अनुसार

(क) सूरज को उसकी माँ ने क्यों बुला लिया?
(ख) बादल काका ज़ोर-ज़ोर से क्यों डाँट रहे हैं?
(ग) बिजली के बच्चों के वार खाली क्यों जा रहे हैं?
(घ) लड़की बिजली के घर क्यों जाना चाहती है?
(ङ) बिजली के घर में तलवार चलाना कौन सीख रहा है?

Answer:
(क)सूरज को उसकी माँ ने इसलिए बुला लिया क्योंकि बारिश होने वाली थी।
(ख)बादल काका बच्चों को जोर-जोर से इसलिए डाँट रहे थे क्योंकि बच्चे अपनी माँ का कहना नहीं मान रहे थे।
(ग)बिजली के बच्चों के वार इसलिए खाली जा रहे है क्योंकि अभी वे ठीक तरीके से तलवार चलाना नहीं सीख पाए हैं।
(घ)लड़की बिजली के घर उसके बच्चों को तलवार सिखाने के लिए जाना चाहती है।
(ङ) बिजली के बच्चे बिजली के घर में तलवार चलाना सीख रहे हैं।

Page : 82, Block Name : कविता के अनुसार

Q6.पता करो
(क) कुछ ऐसे देशभक्तों के नाम पता करके लिखो जो बचपन से ही आज़ादी की लड़ाई में कूद पड़े थे।
(ख) जब बच्ची अपनी माँ से सब बातें कर रही थी, उस समय का आसमान और मौसम कैसा रहा होगा? अपनी कल्पना से बताओ। (संकेत– धूप, सूरज, बादल, धरती, बिजली, लोगों की परेशानियाँ आदि)
(ग) कविता में आया है कि सूरज की माँ ने उसे घर के भीतर बुला लिया। पता करो कि क्या सूरज की भी माँ होती होगी?

aglasem.com

Answer:
(क) भगत सिंह, चंद्रशेखर आज़ाद, रानी लक्ष्मीबाई।
(ख) जब बच्ची अपनी माँ से ये सब बातें कर रही थीं, उस समय बारिश का मौसम हो रहा होगा। आकाश में बादल तेज़ गर्जन कर रहे होंगे। चारों तरफ़ बादलों के कारण सूरज छिप गया होगा और अंधकार छा गया होगा। थोड़ी देर में तेज वर्षा आरंभ हो गई होगी।
(ग) सूरज एक देवता है। वह कश्यप ऋषि की संतान हैं। विज्ञान से देखा जाए, तो सूर्य एक तारा है और इसका निर्माण बाकि सभी तारों की तरह ही हुआ है।इसलिए उसकी माँ नहीं हो सकती है।

Page : 82, Block Name : पता करो

Q7.आज़ादी की बात

“तब माँ कोई कर न सकेगा

अपने ऊपर अत्याचार।”

कविता की इस पंक्ति में किस अत्याचार की बात की जा रही है? वे किस तरह के अत्याचार करते थे?

Answer:
इस पंक्ति में अंग्रेज़ों द्वारा किए जा रहे अत्याचारों की बात हो रही है। वे लोगों पर अनेक प्रकार के अत्याचार कर रहे थे। भारत का समस्त धन निचोड़कर अपने देश में भेजते थे। विरोध करने पर वे मारा-पीटा करते थे।उन्हें फांसी पर चढ़ा दिया जाता था। देश की जनता गरीब होती जा रही थी। भारत में लोग भोजन के लिए तरस रहे थे। अंग्रेज़ भारतीयों के साथ भेदभाव करते थे।
Page : 82, Block Name : आज़ादी की बात

Q8.घर की बात
"बिजली के आँगन में अम्मा........ "
इसमें जो आँगन है वह घर के बाहर के हिस्से को कहा गया है। घर के इन भागों को तुम अपनी भाषा में क्या कहते हो?
कमरा ---------------------
बरामदा -----------------
रसोई ---------------------
छत -------------------
बैठक ---------------------
स्नानघर ------------------
जीना ---------------------
शौचालय ------------------
Answer:छात्र स्वयं करें
Page : 82, Block Name : घर की बात

Q9.कविता बनाओ
नीचे कविता में से कुछ पंक्तियाँ दी गई हैं। कविता की अगली पंक्तियाँ स्वयं बनाओ।
ध्यान रखो, कविता में से देखकर नहीं लिखना।
नमूना – ज़ोर-ज़ोर से गरज रहे हैं।
तड़ तड़ तड़ तड़ बरस रहे हैं।
क. तब माँ कोई कर न सकेगा

aglasem.com

ख. बिजली के आँगन में अम्माँ

ग. किसने फोड़ घड़े बादल के

Answer:
क. हम लोगो पर अत्यचार

ख. सभी साथ खेलेंगे हम सब

ग. हर ओर पानी है बरसाया

Page : 82, Block Name :कविता बनाओ

aglasem.com